तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 4 जुलाई 2025

14 बड़ईपाली में खाद-बीज की किल्लत पर उबाल...



14 मुडियाडीह एवं नांदबारू में शिक्षा की नई रोशनी






## खबर संक्षेप

### शराब पीने की सुविधा देने पर हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले एक आरोपी के खिलाफ सरायपाली पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी विजय नंद पिता मारकंडे नंद (40 साल) जोगनीपाली के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### सिंघनपुर में मारपीट, दो लोगों के खिलाफ जुर्म

**महासमुंद।** ग्राम सिंघनपुर के एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में दो लोगों के खिलाफ पटेवा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम सिंघनपुर निवासी उदेराम निषाद के साथ आरोपी ठाकुर राम निषाद, टोमेश निषाद के द्वारा सिंधौरी खार में खेत की जोताई की बात को लेकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की गई। जिसे महासमुंद के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### माता-पिता से मारपीट

**महासमुंद।** अपनी मां और पिता से मारपीट के मामले में पटेवा थाने में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को धनेश्वरी मारकंडे निवासी ग्राम पंडरीपानी ने बताया कि 2 जून की रात करीबन 8 बजे उसके जीवराखन मारकंडे चिल्ला रहे थे, तभी उसका बेटा खोमन मारकंडे आया और जीवनराखन को तुम मुझे गाली गलौच कर चिल्लाी रहे हो कहते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा, बीच बचाव करने पर प्रार्थिया के साथ भी मारपीट की। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### महिला से देवर ने की मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** महिला से मारपीट करने वाले देवर के खिलाफ सिंघोड़ा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को लता कुलदीप पति हेमसागर कुलदीप (40 साल) निवासी मानपाली ने बताया कि 2 जून की दोपहर 2:30 बजे उसका देवर तहसील कुलदीप पिता गौतम कुलदीप (38 साल) शराब पीकर उसके साथ गाली गलौज कर रहा था। मना करने पर लकड़ी से मारपीट कर चोट पहुंचाया एवं जान से मारने की धमकी दी। मामले में धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### मोटर साइकिल चोरी

**महासमुंद।** मोटर साइकिल चोरी के मामले में बसना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस को पंकज देवांगन पिता गौतम देवांगन (20 वर्ष) ने बताया कि अपने अपनी बाइकबजाज पल्सर एनएस-125 सीजी 06 एचबी 7768 को 30 जून की रात 9 बजे अपने घर में लॉक करके रखा था। सुबह देखा तो वहां बाइक नहीं थी। किसी अज्ञात आरोपी ने बाइक चोरी कर ली। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

# अब तक हुई बारिश खेती के लिए अनुकूल, अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की संख्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में लगातार हो रहे रिमझिम बारिश से मौसम भी खुशनुमा बना हुआ है, जो किसानों के खेती करने के लिए अनुकूल है। वहीं मौसम में नमी के चलते सेहत पर भी असर पड़ रहा है जो छोटे बच्चों एवं बुजुर्गों की सेहत में बुरा प्रभाव डाल रहा है। जिले में तीन दिनों से हो रही बारिश होने से किसानों के चेहरे भी खिल उठे हैं। किसान अब तक हुई बारिश को खरीफ सीजन के लिए बेहद अनुकूल बता रहे हैं। हालांकि, अब तक हुई बारिश औसत से कम बताई जा रही है। मौसम विभाग की मानें तो जिले में 6 जुलाई तक रोजाना अच्छी बारिश होगी। इसके बाद थोड़ा ब्रेक आएगा। बता दें कि जिले में 2025-26 खरीफ सीजन में धान बोने का लक्ष्य 2 लाख 46 हजार हेक्टेयर है। जिले में कुल 2 लाख 59 हजार हेक्टेयर में खरीफ फसलें ली जाएंगी, जिसमें से 2 लाख 46 हजार हेक्टेयर में धान की फसल होगी। छिड़काव पद्धति से धान की बोनी लगभग पूरी हो चुकी है। वहीं रोपाई भी शुरू हो चुकी है। इस महीने के अंत तक रोपाई भी पूरी हो जाएगी। इसके साथ ही मक्का, कोदो-कुटकी और दलहन-तिलहन के साथ सब्जियों की बोआई भी किसान कर रहे हैं। वहीं आंकड़ों के अनुसार एक 1 जून से अब तक जिले में सबसे अधिक 175 मिमी बारिश महासमुंद तहसील में हुई है जबकि, बागबाहरा में 152.4 मिमी, पिथौरा में 134.6 मिमी, सरायपाली में 113.6 मिमी, कोमाखान में 111.7 मिमी और बसना में सबसे कम 88.3 मिमी बारिश हुई।

## जिले में तीन दिनों से हो रही बारिश होने से किसानों के चेहरे भी खिले

### खाद की किल्लत बरकरार

खरीफ सीजन के फसलों की बोआई के बीच डीएपी और यूरिया खाद की किल्लत किसानों के लिए परेशानी की सबब बनी हुई है। खाद की किल्लत जिले में शुरू से बनी हुई। जिले में खरीफ सीजन के लिए लगभग 66,000 टन खाद की आवश्यकता है। जिले में 1.62 लाख किसान पंजीकृत हैं जो 2.47 लाख हेक्टेयर में धान की खेती करते हैं। वर्तमान में, डीएपी खाद की कमी है और किसानों को एनपीके खाद दी जा रही है। जिले में खाद की आवश्यकता कुल आवश्यकता 66,000 टन है। इस संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार खाद की उपलब्धता अभी तक केवल 15 हजार टन है। 51 हजार टन की आने वाले दिनों में अवश्यकता पड़ेगी।



### वातावरण में नमी, स्वास्थ्य पर विपरीत असर

तीन दिनों से लगातार हो रही रिमझिम बारिश के चलते तापमान में गिरावट आई है। गर्मी और उमस पूरी तरह गायब हो गया है। मौसम में नमी के चलते वायरल और सर्दी-खांसी के मरीज बढ़ गए हैं। अस्पतालों में इन दिनों मौसमी बीमारी से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ गई है।

## पर्व विशेष : शहर में धूमधाम से मनाया गया माता पहुंचनी का पर्व

# रिमझिम बारिश के साथ माता पहुंचनी ठंडाई लेने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर में स्थित शीतला माता मंदिर में सुबह रिमझिम बारिश के साथ माता पहुंचनी का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। आस्था विश्वास समर्पण का महापर्व माता पहुंचनी का पर्व नगर में अनेक वर्षों से बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। आज भी सदियों से चली आ रही परम्परा जीवित हैं माता पहुंचनी मनाने की परम्परा अभी से नही पुरातन काल से चली आ रही है।

नगर के आराध्य देवी मां शीतला के दरबार में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष गुरुवार को पूरे आस्था विश्वास एवं धार्मिक वातावरण के बीच स्वस्थ और निरोगी रहने की कामना लिए श्रद्धालु मां शीतला के दरबार में पहुंचे। सुबह से ही श्रद्धालु की भीड़ देखने को मिली दोपहर बाद भी शीतला माता मंदिर में श्रद्धालु पहुंते रहे। शीतला मंदिर के बाहर नारियल, धूप, दीप व पूजन सामग्रियों के अलावा चाट, गुपचुप एवं बच्चो के खिलौने वाले भी काफी संख्या में अपनी दुकानें सजी रही। जिससे मंदिर प्रांगण में मेला जैसा माहौल बना रहा। दर्शन करने जाने वाले श्रद्धालु पूजन सामग्री खरीदने के साथ ही वापसी में चाट, गुपचुप का आनंद उठाते रहे। मंदिर के बाहर माता सेवा के लिए जस गीत की टोली लगातार मांदर की थाप पर भजन गाते रहे। नगर में किसी प्रकार के अनहोनी से बचने के लिए मां शीतला के दरबार में भक्तगण आते रहे। माता पहुंचनी के दिन विशेष तैयारी की जाती है इस दिन नीम के पत्ते हल्दी व तेल को आपस में मिलाकर भक्तों के सिर के ऊपर छिड़काव किया जाता है।





### बीमारियों से होता है बचाव

माताएं अपने साथ घर से थाली में नारियल, हल्दी, तेल चावल, दाल थोड़ी थोड़ी मात्रा में लेकर आती है और प्रसाद स्वरूप ठंडई के रूप में अपने घर ले जाकर परिवार के सभी सदस्यों के ऊपर छिड़काव करती हैं। माना जाता है कि ऐसा करने से परिवार में किसी प्रकार के बीमारियों का प्रकोप नहीं होता।

### ग्रामीणों ने भी मनाई माता पहुंचनी

नगर के समीपस्थ ग्राम बम्हनी में भी गुरुवार के दिन माता पहुंचनी का पर्व स्वस्थ और निरोगी रहने की कामना को लेकर धूमधाम से मनाया गया। मंदिर पुजारी संजय दास वैष्णव एवं गांव के बैगा गोकुल निषाद ने बताया कि गांव में माता पहुंचनी पर्व धूमधाम से मनाया गया है। लोग दुर्गा मंदिर प्रांगण में स्थित शीतला मंदिर में थाली में चावल, दाल, नारियल एवं फूल अगरबत्ती लेकर पहुचे और यहां लोगों पर हल्दी युक्त पानी का नीम के पत्ते से छिड़काव किया गया जिसे ग्रामीण लोग ठंडई लेना कहते हैं एवं माता का आशीर्वाद लेकर परिवार की सुख समृद्धि की कामना किया गया।

# चाकूबाजी से युवक घायल, घटना से घबराकर पीड़ित हुए अन्यत्र रवाना

- शहर में लगातार बढ़ रही चाकू बाजी की घटनाएं, पिटियाझर मार्ग पर फिर एक घटना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर में लगातार चाकूबाजी की घटनाएं सामने आ रही हैं। थाना में पार्षद पर हुए चाकू से हमले के बाद पिटियाझर मार्ग में जड़ी बूटी बेचने वाले नशे में धुत युवकों द्वारा की गई चाकूबाजी का शिकार हो गए। घटना के बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। मिली जानकारी के अनुसार मामले में पीड़ित पक्ष घटना से घबरा गए और बोरिया बिस्तर समेट कर अन्यत्र रवाना हो गए हैं।

बता दें कि सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के पिटीयाझर रोड पर स्थित रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल के पास अन्य राज्य से पहुंचे कुछ लोग परिवार सहित जड़ीबूटी बेचने के लिए यहां पर अपना डेरा जमाए हुए हैं। सोमवार 30 जून की रात तकरीबन साढ़े 12 बजे तीन युवक जड़ीबूटी बेचने वाले के तंबू पर पहुंचे और यहां मौजूद युवक को आवाज देकर पानी मांगा। प्यासा समझ कर युवक ने पानी दिया जिसे तंबू से दूर ले जाकर पैसे की मांग की। पैसा देने से मना करने पर तीन आरोपियों ने चाकू मारकर युवक को लहूलुहान कर दिया। आरोपियों के चाकू से घायल युवक ने जान बचाने के लिए आवाज लगाई तब तंबू के भीतर से युवक का बड़ा भाई पहुंचा जिसके बाद आरोपियों ने घायल युवक को छोड़कर फरार हो गए।

### नशे की गिरफ्त में है जिला

बता दें कि जिले में नशीले पदार्थों की खुलेआम बिक्री इसका प्रमुख कारण मानी जा रही है। दवाइयां, इंजेक्शन, गांजा और शराब की बिक्री खुलेआम अवैध रूप से हो रही है। और इसके गिरफ्त में फंस रहे युवा पैसे के लिए अपराध करने से नही चूक रहे। नशे में धुत युवकों द्वारा छोटी-छोटी बातों पर मारपीट चाकू बाजी किया जाना आम बात हो चली है।

# खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय किसान संघ ने मंगलवार को दो सूत्रीय मांगों को लेकर प्रशासनिक अफसरों को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाने और समितियों में खाद की उपलब्धता बनाए रखने की मांग की है।

किसान संघ जिला उपाध्यक्ष बृजलाल साव ने बताया कि पिछले दिनों करगा धान की शिकायत की गई थी। कलेक्टर को भी आवेदन सौंपा गया था। एक बार फिर से समस्या से अवगत कराने के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचे हैं। करगा धान मामले में दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। हमारी प्रमुख मांग यह है कि खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाई जाए। करगा धान की शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस मामले में संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की गई। उन्होंने कहा कि किसान धान की बोआई कर लिए हैं। धान की उपज प्रभावित होने पर इसका मुआवजा भी दिया जाना चाहिए।

# जन्मदिन मनाने जा रहे चाचा-भतीजे की सड़क दुर्घटना में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- बिलासपुर से बसना से आ रही बस से बाइक की आमने-सामने भिड़ंत, घटनास्थल पर दोनों की मौत

बुधवार दोपहर बसना-बिलासपुर मार्ग पर एक बाइक में सवार दो लोग जन्मदिन मनाने ग्राम बम्हनी भोगडीह जा रहे थे। इस दौरान बिलासपुर से बसना से आ रही बस से बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिससे घटना स्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल में केसरपुर का एक युवक अपने चाचा को मोटरसाइकिल पर बिठाकर जन्मदिन मनाने के लिए बम्हनी भोगडीह की ओर जा रहा था, इसी दरमियान बम्हनी भोगडीह के बीच बस और मोटरसाइकिल में आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें जन्मदिन मनाने जा रहे मोटरसाइकिल चालक अजय एवं उसके 50 वर्षीय चाचा की मौके पर मौत हो गई। परिजनों द्वारा उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना लाया गया जहां डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत दोनों की मौत होना बताया। परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम केसरपुर पचपेड़ी के अजय चौधरी पिता डोलचंद चौधरी का कल जन्मदिन सेलिब्रेट करने बम्हनी भोगडीह के पास किसी स्थान पर उसके दोस्त एवं रिश्तेदार भोजन बना कर केक काटने एवं भोजन के लिए इंतजार कर रहे थे। जब उनके दोस्तों द्वारा बर्थडे सेलिब्रेट करने की सभी तैयारी हो जाने की जानकारी फोन पर अजय को दी गई। अजय एवं उसके चाचा धनुर्जय चौधरी ग्राम केसरपुर से अपनी प्लैटिना मोटरसाइकिल से जन्मदिन मनाने के लिए बम्हनी भोगडीह की ओर बसना बिलासपुर मार्ग पर जा रहे थे। इसी दरम्यान बिलासपुर से बसना चलने वाली बस क्रमांक क्र. 10 वीवी 0533 बसना की ओर आ रही थी कि बम्हनी भोगडीह के मध्य मोटर सायकिल एव बस में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। जिसमें अजय चौधरी एवं धनुर्जय चौधरी ग्राम केसरपुर पचपेड़ी दोनों को सिर में गंभीर चोट लगने के कारण अत्यधिक रक्त साव होने से मौके पर ही दोनों ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद बस चालक ने बस को तेजी से भगाते हुए बसना थाना ले आया और थाना परिसर में बस खड़ी कर दी। घटना की जानकारी बसना थाने में दी गई है। घटना स्थल बसना थाना क्षेत्र के बाहर सलिहा थाना क्षेत्र के होने के कारण बसना पुलिस जीरो पर मामला दर्ज कर पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु चीर घर बसना भेज दिया। परिजनों के द्वारा घटना की रिपोर्ट बसना थाने में दर्ज कराई गई है। बसना पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।




## 41 छात्राओं को पचेड़ा स्कूल में मिली शासन योजनांतर्गत साइकिलें

# स्कूल आने में हो रही समस्या को दूर कर रही सरकार : येतराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय उमावि पचेड़ा में कक्षा 9वीं की 41 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच श्याम बाई टंडन, एसएमसी अध्यक्ष अशोक साहू, राज्य मुख्यालय आयुक्त राहुल चंद्राकर, स्काउट गाइड के जिला उपाध्यक्ष आनंद साहू आदि रहे। अतिथियों द्वारा शाला परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया गया।

इस दौरान मुख्य अतिथि साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत आज यहां छात्राओं को साइकिल वितरण किया जा रहा है। बेटियां हैं तो कल है, सभी बच्चे बेहतर ढंग से पढ़ाई करें और अपने विद्यालय का नाम रोशन करें। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सोच है कि बच्चियों की शिक्षा में किसी प्रकार का विघ्न सामने ना आने पाए। इसलिए छात्राओं को साइकिल प्रदान कर स्कूल आने-जाने की समस्याओं का समाधान सरकार कर रही है।



विशेष अतिथि राहुल चंद्राकर ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बच्चियों को बेहतर माहौल तैयार करवाना सरकार की प्राथमिकता है। पहले कई छात्राएं स्कूलों की लंबी दूरी के कारण आने-जाने की सुविधा नहीं होने से पढ़ाई बंद कर देती थीं। लेकिन, सरकार ने बेटियों की इस समस्या का समाधान करते हुए साइकिल वितरण कर उन्हें शिक्षा ग्रहण करने में जो बाधाएं सामने आ रही थी उसे दूर किया है। प्राचार्य विजय कुमार घाड़गे ने भी बच्चों को संबोधित कर आभार प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर शत्रुहन साहू, सेवक राम साहू, उदेराम साहू, कोमल महानंद पूर्व सोसायटी अध्यक्ष मामाभांचा, शेख अलाउद्दीन खान, जितेंद्र टंडन सरपंच प्रतिनिधि पचेड़ा, गुलाब साहू पंच, चिंटू अजगले, लिलेश साहू, मानिक टंडन उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति पचेड़ा समेत समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# दो बाइक के बीच टक्कर, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दो बाइक के बीच टक्कर होने के मामले में सिटी कोतवाली में अलग-अलग मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को मनोज लहरे निवासी बनसिवनी वार्ड नं 08 ने बताया 2 जुलाई को उसके मामा भूपेंद्र टंडन का ग्राम चोरभट्टी झाड़ू देवता नाला के पास एक्सीडेंट होने की सूचना मिली थी।

वह जब मौके पर पहुंचा तो देखा कि भूपेंद्र के दाहिने पैर में चोट लगी थी। पूछने पर भूपेंद्र ने बताया कि वह अपने मोटर सायकल सुपर स्पलेंडर क्रमांक सीजी 06 जीजे 2001 से बनसिवनी काम से जा रहा था, सुबह करीब 10.30 बजे ग्राम चोरभट्टी झाड़ू देवता नाला के पास साइड में मोटर सायकल को खडी कर फोन से बात कर रहा था, तभी मोटर सायकल टीवीएस एक्सल क्रमांक सीजी06 एचडी 0523 के चालक ने अपनी मोटर सायकल को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने से ठोकर मार दिया। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है।

वहीं इसी घटना में दूसरे प्रार्थी मोहनीस सोनवानी वार्ड नं 11 सरकारी कुंआ चौंक ग्राम चोरभट्ठी ने बताया कि 2 जुलाई की सुबह करीब 10.10 बजे वह अपने घर से अपने बडे भाई साहिल सोनवानी की मोटर सायकल टीवीएस एक्सल क्रमांक सीजी 06 एचडी 0523 से गैस गोदाम महासमुंद आ रहा था। लगभग 10.30 बजे झाड़ू देवता नाला के ऊपर आम सडक ग्राम चोरभट्टी में नयापारा की ओर से चोरभट्ठी की ओर जा रहे मोटर सायकल सुपर स्प्लेंडर क्रमांक सीजी 06 जीजे 2001 के चालक द्वारा अपने मोटर सायकल को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर उसके मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसे चोट लगी। पुलिस ने दोनों ही मामलों में आरोपी वाहन चालकों के खिलाफ धारा 184 एमओटी, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# भूरिया ने कहा- देश में सबसे ज्यादा छत्तीसगढ़ में आदिवासियों का शोषण हो रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और झाबुआ विधायक विक्रांत भूरिया ने कहा कि वे कांग्रेस की विचारधारा को और भी ज्यादा मजबूती देने के लिए पहुंचे हैं। छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंचे आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने कहा, देश में सबसे ज्यादा छत्तीसगढ़ में आदिवासियों का शोषण हो रहा है। अगर आदिवासियों का विनाश देखना है, तो छत्तीसगढ़ आ जाएं।

आदिवासियों को मारा जा रहा है, नेताओं को जेल में बंद किया जा रहा है। आदिवासियों की मूर्ति नहीं चाहिए, हमें सम्मान चाहिए। वहीं उन्होंने भाजपा के प्रशिक्षण शिविर को कॉर्पोरेट के तलवे चाटने का प्रशिक्षण बताया है। रायपुर पहुंचने पर उन्होंने संवाददाताओं से चर्चा में तंज कसते हुए कहा, देश को बनाने में आरएसएस और भाजपा का कोई योगदान नहीं है, इसलिए वह इस लड़ाई के बारे में नहीं समझेंगे। शराब घोटाले पर उन्होंने कहा, बीजेपी दबाव बना रही है कि वह बीजेपी ज्वाइन कर लें या गलत बयान दें। उनकी जमानत होने के पहले दूसरा केस लगा दिया गया। प्रताड़ित करना भाजपा का षड्यंत्र है।

## भाजपा को रबर स्टैंप आदिवासी चाहिए



विक्रांत भूरिया ने तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश की खनिज संपदा कॉर्पोरेट को चाहिए। जैसे ही आदिवासी मुख्यमंत्री बने, जंगलों की कटाई शुरू हो गई। जो आदिवासी बीजेपी के हिसाब से कहते हैं, पार्टी में उन्हें ही भाजपा जगह देती है। भारतीय जनता पार्टी रबर स्टैंप आदिवासी चाहती है।

### कांग्रेस की परिसंपत्ति का आकलन करेगी आईसीसी

पार्टी द्वारा कांग्रेस की परिसंपत्ति के आकलन को लेकर विक्रांत भूरिया ने कहा, इनकी मानसिकता कांग्रेस की प्रॉपर्टी को जप्त करने और उन्हें खत्म करने की है, लेकिन कांग्रेस की ताकत, विचारधारा है। देश को बनाने में आरएसएस और भाजपा का कोई योगदान नहीं है, इस लड़ाई के बारे में, इसलिए वह नहीं समझेंगे।

## ये एक परिवार की चाटुकारिता करने वाले लोग : साव

विक्रांत भूरिया के भाजपा के प्रशिक्षण और रबर स्टैंप वाले बयान पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा, मोदी के नेतृत्व में आदिवासी समाज की तरक्की और बेहतरी के लिए जितने काम हुए, उतने कांग्रेस शासन में कभी नहीं हुए। कांग्रेस ने केवल अत्याचार किया, आज आदिवासियों के लिए बेहतर काम हो रहे हैं, तो कांग्रेस को दर्द हो रहा है। उन्होंने आरोपों को निराधार और बेबुनियाद बताया है। वहीं भाजपा प्रशिक्षण शिविर को कार्पोरेट के तलवे चाटने वाले बयान पर उन्होंने कहा, ये (कांग्रेसी) एक परिवार की चाटुकारिता करने वाले लोग हैं। प्रशिक्षण का ये क्या अर्थ समझेंगे? इन्हें मालूम ही नहीं है कि प्रशिक्षण असल में क्या होता है। भारतीय जनता पार्टी तो जनसंघ के जमाने से प्रशिक्षण करती आ रही है।

### कांग्रेस ने आदिवासियों को दी काला पानी की सजा : सांसद महेश कश्यप

आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत के बयान पर सांसद महेश कश्यप ने भी पलटवार किया और कहा कि कांग्रेस ने आदिवासियों को काला पानी की सजा दी। बीजेपी सरकार में आज बस्तर की पहचान दुनिया में है। कांग्रेस ने माओवाद, नक्सलवाद जैसे कलंक को थोपने का काम भी किया है।

### कांकेर में कांग्रेस का प्रशिक्षण कार्यक्रम

कांकेर में कांग्रेस तीन दिवसीय आदिवासी प्रशिक्षण कार्यक्रम करने जा रही है, इसे लेकर आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने बताया कि नए युवाओं को तैयार किया जाएगा। राजनीति में पॉवर और पैसे का बड़ा रोल है और भाजपा के पास दोनों भरपूर है। कांग्रेस के पास केवल एक ही ताकत है आईडियोलॉजी, इसलिए प्रशिक्षण के जरिए लोगों को जोड़ने का काम किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### जल संसाधन में चीफ इंजीनियर का पद खाली नहीं हुई पोस्टिंग

**रायपुर।** जल संसाधन विभाग में चीफ इंजीनियर का पद खाली हो गया है, लेकिन इस पद पर अब तक किसी अधिकारी की नियुक्ति नहीं हो पाई है।चीफ इंजीनियर के पद पद इंद्रजीत उईके पदस्थ थे, वे 30 जून को रिटायर हो गए। इसी समय नए अधिकारी की नियुक्ति की जानी थी, जो 2 जुलाई तक नहीं हो सकी है। बताया गया है कि विभाग में इस पद के दो दावेदार हैं। इनमें एक जेआर भगत और दूसरे दीपक अभूमेहकर हैं। माना जा रहा है कि इन दोनों में से किसी एक को विभाग का यह प्रमुख पद मिलने की संभावना है।

### पूर्व राज्यपाल दत्त के निधन पर किया शोक व्यक्त

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त के निधन पर राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गहरा शोक व्यक्त किया है।



राज्यपाल ने अपने शोक संदेश में कहा, श्री दत्त एक कुशल प्रशासक ही नहीं, बल्कि एक सच्चे सैनिक और राष्ट्रभक्त थे। मुख्यमंत्री ने कहा, श्री दत्त एक कुशल प्रशासक, दूरदर्शी नेता और देश सेवा के प्रति पूर्णतः समर्पित व्यक्तित्व थे। अपने लम्बे प्रशासनिक अनुभव और अद्भुत कार्यकुशलता से उन्होंने छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### महिला संग्राहकों को मिलेगी चरण पादुका

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों की महिलाओं को विशेष सुविधा देने के उद्देश्य से चरण पादुका वितरण किया जा रहा है। इस योजना के तहत बीजापुर जिले के 54 हजार 330 महिला तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका वितरित की जाएगी। मुख्यमंत्री की मंशानुरूप और वन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में चरण पादुका योजना संचालित की जा रही है।

### आईटीआई कुरूद में 11 को कैंपस इंटरव्यू

**धमतरी।** गवर्नमेंट आईटीआई कुरूद में 11 जुलाई शुक्रवार प्रातः 11 बजे सोलर सेक्टर में प्लेसमेंट कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया गया है जिसमें ट्रेड इलेक्ट्रीशियन पास आउट व अंतिम वर्ष में प्रशिक्षणरत कैंडिडेट सम्मिलित हो सकते हैं।

## भाजयुमो द्वारा आयोजित मॉक पार्लियामेंट में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# सीएम साय बोले- आपातकाल की दुर्दशा शब्दों में व्यक्त कर पाना नामुमकिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, 25 जून 1975 हमारे देश के लिए काला दिन था, उस समय तत्कालीन कांग्रेस सरकार में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने राजनीतिक स्वार्थ के कारण आपातकाल थोप दिया था। वह समय देश के लिए लड़ने वाले सभी लोगों को अकारण ही जेल में डाल दिया गया था और वहां किस तरह की दुर्दशा थी, उन्हें शब्दों में जाहिर नहीं किया जा सकता। श्री साय बुधवार को अग्रसेन धाम में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा देश में 25 जून 1975 को लगे आपातकाल के काले अध्याय के 50 वर्ष पूरे होने पर आयोजित मॉक पार्लियामेंट (युवा संसद) कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने मॉक पार्लियामेंट को सम्बोधित करते हुए कहा, पार्लियामेंट में युवाओं ने सांसद की भूमिका भली भांति निभाई है। सभी ने बहुत अच्छे से मुद्दों को कवर किया और उनमें विस्तृत और सार्थक चर्चा हुई। हम सभी आपातकाल को संविधान हत्या दिवस के रूप में मानते हैं। उन्होंने कहा, मीसाबंदियों का दर्द किसी ने नहीं समझा। जिन्होंने अपनों को खोया, उनके दर्द को समझना ही लोकतंत्र सेनानियों के बलिदान का सम्मान है।



### सेनानियों के परिवार को झेलनी पड़ी परेशानी

मुख्यमंत्री श्री साय ने आपातकाल के दौरान अपने राजनीतिक गुरु के साथ हुए अन्याय का जिक्र करते हुए बताया, स्व. बालकृष्ण शर्मा, जिन्हें लोग पूरे जशपुर कुनकुरी क्षेत्र में देवकी महराज के नाम से जानते थे, उन्हें मैं अपना राजनीतिक गुरु मानता था। मैं उनके पास हमेशा बैठा करता था, उन्हें भी आपातकाल में 19 महीने जेल में रखा गया। बावजूद इसके उन्होंने कभी अपनी जीवटता नहीं छोड़ी।

### छत्तीसगढ़ में 350 से अधिक मीसाबंदियों का परिवार

उन्होंने कहा, उस समय मीडिया पर भी सेंसरशिप लगाई गयी। लोकतंत्र की इस कदर हत्या की गई। जबरन नसबंदी जैसी क्रूरता भी की गई। छत्तीसगढ़ में 350 से अधिक मीसाबंदियों का परिवार है।

### युवाओं के बीच आपातकाल का सच पहुंचाना आवश्यक : डॉ. रमन

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, संसद जैसे मंच पर बोलना हर युवा के लिए गर्व और सम्मान की बात होती है। यह मंच न केवल ज्ञान का विस्तार करता है, बल्कि हमें हमारे देश के प्रति जिम्मेदारी का अहसास भी कराता है। उन्होंने कहा, जब भी हमारे देश पर संकट आया है, तब हमारे युवाओं ने आगे बढ़कर रास्ता दिखाया है। आज हम उस समय को याद करने के लिए जुटे हैं, जब देश का लोकतंत्र खतरे में था। इस युवा संसद का मकसद सिर्फ इतिहास जानना नहीं है, बल्कि उससे सीख लेना है, ताकि आगे चलकर हम कोई ऐसी गलती न दोहराएं जो देश को नुकसान पहुंचाए।

### सत्ता की लालच में देश को आपातकाल में झोंका : साव

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, देश ने आपातकाल की जिस विभीषिका को झेला है, उसे भावी पीढ़ी को जानने और समझने की आवश्यकता है। इंदिरा गांधी ने सत्ता की लालच में पूरे देश को आपातकाल में झोंका। नागरिक अधिकारों का हनन किया। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि इतिहास में केवल दो ही घटनाएं हैं, जो कांग्रेस की व्यक्तिवादी राजनीति का सबसे बड़ा उदहारण है कि देश में केवल दो प्रधानमंत्री ने स्वयं को भारत रत्न घोषित किया, इसमें पहला नाम पंडित जवाहर लाल नेहरु और दूसरा स्वयं इंदिरा गांधी नाम का है। मॉक पार्लियामेंट में स्पीकर की भूमिका में भाजपा के वरिष्ठ सदस्य धरमलाल कौशिक ने युवा मोर्चा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को मॉक पार्लियामेंट के आयोजन की बधाई दी।

# छह साल से लंबित 5 लाख आवेदनों का 161 करोड़ के भुगतान का निर्णय




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। वर्ष 2019 से लंबित 5 लाख से ज्यादा आवेदनों के हितग्राहियों को 161 करोड़ से ज्यादा की राशि देने का निर्णय लिया गया है। श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन एवं अध्यक्ष छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल डॉ राम प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में विभिन्न एजेंडे पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री साइकिल सहायता योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक औजार सहायता योजना, मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना के 5 लाख से अधिक हितग्राहियों के आवेदन विभाग को मिले थे। पूर्व के आवेदनों के हितग्राहियों की 161 करोड़ से अधिक की राशि वितरित नहीं की गई थी। बुधवार को हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी आवेदनों का जल्द से जल्द परीक्षण कराकर जल्द राशि डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जाएगा।

### इन्हें भी मिलेगा श्रमिक आवास सहायता योजना का लाभ

संचालक मंडल की बैठक में मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा की गई। वर्तमान में पात्रता रखने वाले मंडल में पंजीकृत निर्माण के स्वयं के भूखंड पर आवास निर्माण/नवीन आवास क्रय के लिए शहरी क्षेत्र में 500 वर्गफीट एवं ग्रामीण क्षेत्र में 1000 वर्गफीट क्षेत्रफल अधिकतम भूखंड होने का प्रावधान था, इसे संशोधित करते हुए बोर्ड की बैठक में शहरी क्षेत्र में न्यूनतम 322 वर्ग फीट तथा ग्रामीण क्षेत्रों में न्यूनतम 269 वर्ग फीट क्षेत्रफल भूखंड होने का संशोधन किया गया।

### मोबाइल नंबर की अनिवार्यता में दी गई छूट

मंडल अंतर्गत संचालित पंजीयन योजना आवेदन हेतु मोबाइल नंबर की अनिवार्यता रखी गई है। प्रदेश के कई क्षेत्र के ऐसे हितग्राही जिनके पास मोबइल नहीं है। उन्हें पंजीयन में परेशानी का सामना करना पड़ता था, अब उन्हें मोबाइल नंबर की अनिवार्यता की छुट दी गई है।

### अब परिवार के सदस्यों को भी मिलेगा लाभ

मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक दीर्घायु सहायता योजना के तहत पंजीकृत श्रमिक को मिलने वाली योजना का लाभ अब श्रमिक एवं उनके परिवार के सदस्यों को भी एक समान मिलेगा। बोर्ड की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिए गए।

छत्तीसगढ़ में जीएसटी कलेक्शन में ऐतिहासिक बढ़त

# जीएसटी चोरी पर सरकार सख्त सीएम ने कहा रोकें कर अपवंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बुधवार को मंत्रालय स्थित महानदी भवन में वाणिज्यिक कर (जीएसटी) विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभाग के कार्यों एवं राजस्व संग्रहण की विस्तार से जानकारी प्राप्त की और कर संग्रहण बढ़ाने के उपायों पर कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने जीएसटी चोरी रोकने को लेकर सख्ती दिखाई है।



उन्होंने कहा कर अपवंचन रोका जाना चाहिए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कर की राशि का उपयोग देश और प्रदेश के विकास कार्यों में होता है, इसलिए सभी को ईमानदारी पूर्वक कर अदा करना चाहिए। श्री साय ने कहा कि जो लोग कर (जीएसटी) की चोरी करते हैं, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए तथा उनसे कर की वसूली सुनिश्चित की जाए।

### देश में छत्तीसगढ़ रहा अव्वल

बैठक के दौरान अधिकारियों ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य को जीएसटी एवं वैट से कुल 23,448 करोड़ रुपये का कर राजस्व प्राप्त हुआ, जो राज्य के कुल कर राजस्व का 38% है। छत्तीसगढ़ ने 18 प्रतिशत की जीएसटी वृद्धि दर हासिल की है, जो देश में सर्वाधिक है।

### वित्त मंत्री ने कही ये बात

बैठक में वित्त एवं वाणिज्यिक कर (जीएसटी) मंत्री ओपी चौधरी ने विभागीय जानकारी साझा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने जीएसटी संग्रहण हेतु विभाग द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की और कहा कि आगे भी नियमों के अनुरूप संग्रहण बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ कर अपवंचन के मामलों एवं उनसे निपटने के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की।

### इन पर हो सख्त कार्रवाई

मुख्यमंत्री श्री साय ने फर्जी बिल, दोहरी बहीखाता प्रणाली और गलत टैक्स दरों का उपयोग कर अनुचित लाभ लेने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग की नवाचारी पहलों की प्रशंसा करते हुए कहा कि जीएसटी पंजीकरण की औसत समय सीमा को 13 दिन से घटाकर 2 दिन कर दिया गया है। बैठक में अधिकारियों ने जीएसटी विभाग द्वारा हाल ही में की गई बड़ी कार्रवाइयों एवं कर चोरी की राशि की वसूली की जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि विभाग द्वारा की गई कार्रवाइयों से शासन के कर राजस्व में निरंतर वृद्धि हो रही है। बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव मुकेश कुमार बंसल, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत तथा आयुक्त वाणिज्यिक कर पुष्पेंद्र मीणा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा-

# देश के किसानों-जवानों की उठाएंगे आवाज केंद्र सरकार की नाकामी जनता को बताएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा किसान-जवान-संविधान जनसभा का पोस्टर लॉन्च किया गया। 7 जुलाई को रायपुर के साइंस कालेज मैदान पर अखिल भारतीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के मुख्य आतिथ्य में विशाल जनसभा का आयोजन किया जा रहा है। सभा में विशेष रूप से एआईसीसी महासचिव प्रभारी केसी वेणुगोपाल और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महासचिव सचिन पायलट भी हिस्सा लेंगे।

पोस्टर लॉन्च के दौरान एआईसीसी राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ सह प्रभारी जरिता लैतफलांग, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू, महामंत्री सुबोध हरितवाल, सोशल मीडिया प्रभारी संजीव शुक्ला समेत अनेक कांग्रेसी उपस्थित रहे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने इस दौरान संवाददाताओं से चर्चा करते हुये कहा, इस सभा का उद्देश्य छत्तीसगढ़ सहित देशभर में किसानों, जवानों की आवाज उठाना, साथ ही केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा जिस प्रकार से संविधान और संवैधानिक संस्थानों की स्वायत्तता पर प्रहार किया जा रहा है, उसको जनता तक ले जाना है।




### भाजपा नहीं चाहती किसान धान पैदा करे

*प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, खरीफ की फसल में दलहन, तिलहन की फसल लेने वाले किसानों को प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय किसानों से नया धोखा है। छत्तीसगढ़ के जलवायु के अनुसार धान की फसल लेना खरीफ में किसानों के लिये सबसे ज्यादा फायदे की खेती है। साय सरकार खरीफ के फसल के लिये बीज, खाद उपलब्ध नही करवा पा रही तो प्रोत्साहन योजना के तहत प्रलोभन दिया जा रहा ताकि किसान धान की फसल न ले और सरकार को 3100 रुपए में धान नहीं खरीदना पड़े।*

### चिकित्सा छात्रों के लिये हास्टल निर्माण दो सालों से रुका

उन्होंने कहा कि बेहद ही दुर्भाग्यजनक है कि सरकार की लापरवाही का खामियाजा चिकित्सा छात्रों की भुगतना पड़ रहा है। हास्टल की कमी के कारण चिकित्सा छात्र परेशान है। उनकी पढ़ाई बाधित हो रही है। कांग्रेस की सरकार ने हास्टल बनाने के लिये 24 करोड़ की राशि स्वीकृत किया था, उसका टेंडर भी किया था, लेकिन भाजपा की सरकार बनने के बाद दो साल से काम रूका पड़ा है।

### स्कूलों की पढ़ाई चौपट

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सरकार की हठधार्मिता के कारण स्कूलों की पढाई चौपट हो गयी है। युक्तियुक्तकरण के कारण सरकार ने बड़ी संख्या में शिक्षकों का ट्रांसफर तो कर दिया है, लेकिन प्रदेश के हजारो स्कूल ऐसे है, जहां पर अभी तक शिक्षक नहीं पहुंच पाये। एक शिक्षक पांच कक्षाएं ले रहे। 10463 स्कूल बंद होने के कारण अनेकों स्थान पर बच्चों को अपने घर से तीन से पांच किलोमीटर पैदल चल कर स्कूल जना पड़ रहा।

## सामान्य सभा में शुल्क बढ़ोतरी का निर्णय, हुआ था चौतरफा विरोध

# फार्मेसी काउंसिल ने वापस लिया शुल्क बढ़ोतरी का फैसला जमा कर चुके फार्मासिस्टों को वापस की जाएगी राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

फार्मेसी काउंसिल की सामान्य सभा में पंजीयन और नवीनीकरण शुल्क में बढ़ोतरी का फैसला विशेष बैठक में वापस ले लिया गया है। शुल्क वृद्धि का चौतरफा विरोध हो रहा था। बैठक में यह भी फैसला लिया गया है कि जिन फार्मासिस्टों ने बढ़े हुए शुल्क में प्रक्रिया पूरी की है, उन्हें अतिरिक्त राशि वापस की जाएगी। नये फैसले के अनुसार पंजीयन नवीनीकरण के लिए कोरोनाकाल में जो 2 सौ रुपये की छूट दी जा रही थी, उसे वापस लेकर पुनः 5 सौ रुपये निर्धारित किया गया है। स्टेट फार्मेसी काउंसिल ने 8 मई की बैठक में फार्मासिस्ट पंजीयन में दो गुनी वृद्धि की थी। आवेदन करने वालों के इसके लिए 1 हजार के बजाए 2 हजार रुपये शुल्क देना तय किया गया था। इस आदेश के सामने आने के बाद सामान्य सभा के पदेन सदस्य (मेडिकल) डॉ. राकेश गुप्ता एवं अन्य निर्वाचित सदस्य भगतराम शर्मा ने विरोध किया था। इसके बाद विभिन्न दवा विक्रेता संघ ने इस पर आपत्ति जताई थी। विरोध के बाद फैसले पर पुनर्विचार के लिए बुधवार 2 जुलाई को न्यू सर्किट हाउस विशेष बैठक का आयोजन किया गया। निर्णय लिया गया है कि किसी भी प्रकार की फीस में वृद्धि नहीं की जाएगी। केवल कोविडकाल में घटाकर 3 सौ रुपये किए गए पंजीयन नवीनीकरण शुल्क को पुनः 5 सौ रुपये करने का फैसला लिया गया है। इसके साथ ही 1 जून से ले ली गई बढ़ी फीस को फार्मासिस्टों को वापस किये जाने का निर्णय लिया गया है।



### दवा विक्रेता संघ ने माना अभार

रायपुर जिला दवा विक्रेता संघ वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीडिया प्रभारी अश्विनी विग ने छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का आभार व्यक्त किया है। फार्मेसी काउंसिल में विगत दिनों जो फार्मासिस्ट रजिस्ट्रेशन फीस एवं नवीनीकरण फीस में वृद्धि की गई थी उसे बुधवार की बैठक के द्वारा वापस लिया गया है।

### सर्वसम्मति से निर्णय

नए पंजीयन एवं नवीनीकरण सहित अन्य फीस बढ़ाकर एक जून से लागू किया गया था। राज्य के विभिन्न फार्मासिस्ट संगठन तथा दवा व्यापारी संगठनों सहित कुछ एक काउंसिल सदस्यों ने भी इसे कम करने का आग्रह किया था। विशेष बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर पुनर्विचार कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि किसी भी प्रकार की फीस में वृद्धि नहीं की जाएगी।

– अश्विनी गुर्देकर
रजिस्ट्रार
स्टेट फार्मेसी काउंसिल

# नगर निगम के 23 सब इंजीनियर हुए इधर से उधर

## तबादले में जोन 4 और जोन 6 में सबसे अधिक 4 इंजीनियर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने 23 उप अभियंताओं का तबादला कर दिया है। सहायक अभियंताओं की तबादला सूची में जोन 4 कमिश्नरी में सबसे अधिक 4 इंजीनियर तबादले के बाद पहुंचे। इसी तरह जोन 6 में भी एक साथ 4 इंजीनियर पहुंचेंगे। जोन 4 कमिश्नरी में तबादले के बाद जोन 1 से रोशनदेव रात्रे, हिमांशु चंद्राकर जोन 6 से, रंजीत कुमार बारवा जोन 3 से और निगम मुख्यालय में अटैच अंकिता अग्रवाल जोन 4 में करेंगी। वहीं जोन 6 में सागर ठाकुर जोन 1 से जाएंगे, इनके अलावा जोन 5 से कनिका ढारगावे, जोन 8 से विक्रम सिंह ठाकुर और जोन 8 से रचना संघवी का तबादला हुआ है। नगर निगम आयुक्त ने अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक नगर निगम के 23 उप अभियंताओं की नवीन पदस्थापना की है। इसके अनुसार उपअभियंता अंकिता सोनवर्षा जोन 3 से जोन 1,गोपाल प्रधान जोन 4 से जोन 1, सागर ठाकुर जोन 1 जोन 6 पदस्थ किये गये हैं। इसी तरह श्रुति चर्तुवेदी जोन 1 से जोन 3 भेजा गया है। उप अभियंता कृति शर्मा जोन 6 से जोन 7, रोशनदेव रात्रे जोन 1 से जोन 4, रंजीत कुमार बारवा जोन 3 से जोन 4, हिमांशु चंद्राकर जोन 6 से जोन 4, मेघा साहू जोन 6 से जोन 10 विद्या देशलहरा जोन 5 से जोन 7, निर्मल कुमार तिग्गा जोन 2 से जोन 5, नवीन कुमार शर्मा जोन 4 से जोन 2, कनिका ढारगावे जोन 7 से जोन 6, विक्रम सिंह ठाकुर जोन 8 से जोन 6, रचना सिंघवी जोन 8 से जोन 6, राहूल थारानी जोन 6 से जोन 7, रूचि साहू मुख्यालय से जोन 5, अबरार खान जोन 9 से जोन 8, मनीषा निराला जोन 4 से जोन 8, जयनंदन डहरिया मुख्यालय से जोन 3, शुभम तिवारी स्मार्ट सिटी वर्तमान कार्य के साथ जोन 9 का कार्य देखेंगे। जिज्ञाशा जैन मुख्यालय से जोन 9 और अंकिता अग्रवाल मुख्यालय से जोन 4 में पदस्थ की गयी हैं।



खबर संक्षेप



## अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**धमतरी।** अपने घर में अवैध शराब की बिक्री कर रहे युवक को भखारा पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। भखारा पुलिस को मुखबिर से ग्राम कोसमर्रा में देवराज पारधी द्वारा अपने घर में बिक्री के लिए अवैध रूप से शराब रखने की सूचना मिली। पुलिस ने तत्काल देवराज पारधी के घर में दबिश दी। तलाशी के दौरान आरोपी द्वारा बोरी में बिक्री करने के लिए अवैध शराब रखना पाया गया। पुलिस ने आरोपी के घर से 34 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 2720 रुपए जप्त की। इस मामले में भखारा थाना में आबकारी एक्ट 34/2 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी देवराज पारधी पिता शत्रुहन उम्र 24 वर्ष ग्राम कोमर्रा थाना भखारा निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

## नहर पार में जुआ खेलते तीन जुआरी गिरफ्तार



**धमतरी।** नहरपार में स्थित पंप हाऊस के पास जुआ खेल रहे तीन जुआरी को अर्जुनी पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। अर्जुनी पुलिस को मुखबिर से ग्राम शंकरदाह नहर पार के पास कुछ लोगों द्वारा जुआ खेलने की सूचना मिली। पुलिस तत्काल नहरपार पहुंची और नीरज जगताप के पंप हाऊस के पास आम जगह पर कुछ युवकों को ताश खेलते पाया। पुलिस ने जुआ फड़ की घेराबंदी कर ताश खेल रहे तीन जुआरी को रंगेहाथ पकड़ा। जुआरियों के कब्जे से 10,800 रुपए नगद, तीन नग मोबाइल कीमत 25 हजार व ताशपत्ती जप्त की। पुलिस ने आरोपी युवराज पटेल उम्र 28 वर्ष बनियापारा, कोमल वर्मा उम्र 25 वर्ष जालमपुर भागवत चौक व रितेश पटेल उम्र 38 वर्ष बनियापारा निवासी को धारा 3/2 जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है। वहीं आरोपी तीनों जुआरी पर पृथक से प्रतिबंधात्मक धारा 170, 126, 133/3 बीएनएस के तहत कार्रवाई कर कार्यपालिक दण्डाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया है।

## इलेक्ट्रिकल सेंटर के छात्रों को सीईओ ने दिया ऑफर लेटर



**कुरूद।** बुधवार को जनपद पंचायत में कुरुद इलेक्ट्रिकल सेंटर के बैच नंबर 29 के छात्रों को सीइओ अमित कुमार सेन द्वारा ऑफर लेटर वितरित किया गया। इस दौरान श्री सेन ने सभी छात्रों को उनके भविष्य के कार्यों के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया और उन्हें अच्छे से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्रों ने भी अपने प्रशिक्षण और प्लेसमेंट अनुभवों के बारे में जानकारी साझा की। इस अवसर पर प्रथम संस्था से क्लस्टर प्रमुख मोतीलाल देवांगन, केंद्र प्रमुख भोजलाल साहू, प्लेसमेंट एसोसिएट हेमराज साहू, प्रशिक्षक महेंद्र साहू उपस्थित थे।

## जिले की सोसाइटियां होंगी कम्प्यूटराइज्ड

**पुरूर(धमतरी)।** भारत सरकार सहकारिता मंत्रालय द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ की सहकारी समितियों को कम्प्यूटराइज्ड किया जायेगा। सहकारी समितियों में अब कागजों के स्थान पर कंप्यूटर के माध्यम से ऑनलाइन काम होगा। इससे समय की बचत होगी। धमतरी जिले की शाखा संबलपुर ,धमतरी, कोर्रा के समिति प्रबंधक एवं ऑपरेटर को ऑनलाइन कार्य करने के लिए कोर्रा समिति बागतराई में प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर नोडल अधिकारी बलरामपुरी गोस्वामी उपस्थित थे। प्रशिक्षक ललितदास मानिकपुरी पर्यवेक्षक, प्रभारी समिति प्रबंधक लिकेश देवांगन एवं सहायक लिपिक नरेंद्र सिन्हा थे।

# बसना के संकुल समन्वयकों ने बीईओ और बीआरसी पर लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

विकासखंड बसना में शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर संयुक्त शिक्षक साझा मंच और शैक्षिक संकुल समन्वयक शिक्षक संघ के सदस्यों ने गहरा असंतोष जताया है। संगठन के सदस्यों ने कलेक्टर महासमुंद को ज्ञापन सौंपते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) जेआर डहरिया एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक (बीआरसी) पूर्णानंद मिश्रा को हटाने की मांग की है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि उपरोक्त दोनों अधिकारियों द्वारा समन्वयकों के साथ दबावपूर्वक रात्रि में भी कार्य कराया जा रहा है, जिससे हमारे पारिवारिक दायित्व निर्वहन में प्रतिदिन तनाव उत्पन्न हो रहा है। समनवयकों की नई नियुक्ति मनामाने ढंग से नियमों को ताक में रखकर बिना उच्च अधिकारी के अनुशंसा के अपने चहते शिक्षकों को समन्वयक बनाया जा रहा है। नए समन्वयक नियुक्ति में प्राचार्य की अनुशंसा एवं प्रस्ताव को दरकिनार कर मनमाने ढंग से नियुक्ति की जा रही है। संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग रायपुर एवं जिला स्त्रोत केंद्र समन्वयक (डीएमसी) के नाम से समन्वयकों को डरा धमकाकर जबरदस्ती पैसे की वसूली की जा रही है। प्री आडिट करने के नाम पर आदेश निकाल कर पैसों की वसूली की जा रही है। बिना कोई ठोस कारण के



कलेक्टर के नाम स्थानीय अफसरों को सौंपा ज्ञापन

संकुल समन्वयकों को परेशान करने एवं धौंस जमाने के नाम पर कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है एवं पैसे की वसूली की जा रही है। कुछ समन्वयकों को चिन्हांकित कर टारगेट करते हुए विशेषकर अनुसूचित जाति गांड़ा- अमृत लाल चौहान समन्वयक चिपरीकोना एवं मनबोध नंद समन्वयक भूकेल को उन्हें प्रत्येक बैठक में मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। 27 जून 2025 को टारगेट कर समन्वयक भूकेल एवं समन्वयक चिपरीकोना के यहां संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग रायपुर की टीम के साथ भ्रमण किया गया एवं संकुल समन्वयकों को सभी शिक्षकों के सामने अपमानित किया गया।

उक्त भ्रमण के दौरान बिना स्पष्टीकरण के समन्वयक भूकेल मनबोध नंद को निलंबित किया गया, यह निलंबन उक्त दोनों अधिकारी के प्रस्ताव के आधार पर किया गया। जबकि, भूकेल संकुल मनबोध नंद का कार्य संतोषजनक था। विकास खंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक द्वारा प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जा रहा है, उनके द्वारा मनमानी करते हुए आदेश निर्देश जारी किया जा रहा है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया एवं विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक पूर्णानंद मिश्रा को तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की है। अन्यथा जब तक उपरोक्त दोनों अधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक विकासखंड बसना के समस्त संकुल समन्वयक किसी भी प्रकार के समन्वयक से संबंधित कार्य नहीं करेंगे तथा 5 जुलाई 2025 से विकासखंड बसना के सभी शिक्षक संगठन एवं समस्त संकुल समन्वयक द्वारा शाला बहिष्कार करने के लिए बाध्य होने की चेतावनी दी गई है।

# हरियाली बचाने सड़क पर उतरे पूर्व मुख्यमंत्री, पिथौरा में हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का

**तमनार में पेड़ कटाई और ज़मीन अधिग्रहण के खिलाफ कांग्रेस का विरोध**

तमनार प्रवास के दौरान गुरुवार को पिथौरा के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित लहरौद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह और जोश देखने को मिला। स्वागत समारोह का नेतृत्व खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने किया।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायगढ़ जिले के तमनार क्षेत्र में हो रही अवैध पेड़ कटाई



और किसानों की जमीनों के जबरन अधिग्रहण के विरोध में सड़क पर उतरे हैं। कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर आरोप लगाया कि कॉर्पोरेट हितों के लिए राज्य की हरियाली और आदिवासियों की ज़मीन को बर्बाद किया जा रहा है। उनका कहना है कि वे पर्यावरण और आदिवासी हितों की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेंगे। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। प्रमुख रूप से पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष आत्माराम यादव, पूर्व जनपद अध्यक्ष सत्यभामा नाग, पूर्व जप उपाध्यक्ष मुकेश यादव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता ठाकुर, के डी नाग , दिनेश नामदेव, विकास शर्मा, राजू सिन्हा, आशु अग्रवाल, प्रफुल्ल राजपूत, अरविंद छाबड़ा, प्रेमलाल सिन्हा, शैलेंद्र डड़सेना, गोपाल पांडेय, मनीष अग्रवाल, सचिन घरडे, फिरोज खान, लोकेश ध्रुव, थानूराम सिन्हा, चीनी पटेल तथा बसना विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष कौशल रोहिल्ला सहित सैकड़ों कार्यकर्ता इस स्वागत कार्यक्रम में शामिल हुए।

## नर्रा के ग्रामीण छात्रों को अब मिलेगा देश के प्रतिष्ठित आईआईटी मद्रास से पढ़ने का अवसर

**नर्रा।** बागबाहरा विकासखंड के शासकीय कुलदीप निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा के शिक्षक सुबोध कुमार तिवारी के प्रयासों से ग्रामीण स्कूल के विद्यार्थियों को अब देश के प्रतिष्ठित संस्थान से अध्ययन का मौका मिलेगा। आईआईटी मद्रास के स्कूल कनेक्ट प्रोग्राम के तहत जिले के अंतिम छोर पर स्थित इस ग्रामीण स्कूल का चयन हुआ है। संस्था के प्राचार्य सुबोध कुमार तिवारी ने बताया कि आईआईटी मद्रास के इस प्रोग्राम से जुड़ने की वजह से यहां के छात्र अब आईआईटी से कई रोजगार परक पाठ्यक्रम की पढ़ाई कर सकते हैं। जिसमें डेटा साइंस मशीन लर्निंग, इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे 10 विषय सम्मिलित हैं। ऑनलाइन मोड में होने वाले इन पाठ्यक्रमों में इस विद्यालय के छात्रों को विशेष सुविधा दी जाएगी। विद्यालय में उपलब्ध आधुनिक प्रोजेक्टर स्मार्ट क्लास जैसी सुविधाओं के उपयोग से विद्यार्थी आसानी से इन पाठ्यक्रमों को पूरा कर पाएंगे। परीक्षा पूर्ण करने के पश्चात यहां के छात्रों को आई आई टी का प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। गौरतलब है कि इसके पूर्व भी इस विद्यालय के छात्रों ने आई आई टी मुंबई के सहयोग से सोलर लैंप असेंबल कार्यशाला किया था। सुबोध कुमार के नेतृत्व में विद्यालय लगातार उच्च शैक्षणिक संस्थानों के अध्यापकों से ऑनलाइन जुड़कर यहां के छात्रों को लाभ मिल रहा है। इंटेल के सहयोग से इस विद्यालय के विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक सिखाया गया था, जिससे यह के दो ऐ आई प्रोजेक्ट को इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय नई दिल्ली ने 2021 में देश के टॉप 20 प्रोजेक्ट में सम्मिलित किया था। यहां के अटल टिंकरिंग लैब को नीति आयोग ने देश के परफॉर्मिंग एटीएल की सूची में रखकर शिक्षक सुबोध कुमार तिवारी को एक्सेंपलरी टीचर ऑफ चेंज बनाया है।

# स्काउ्स-गाइड्स का वृहद पौधरोपण कार्यक्रम 7 को

**महासमुंद।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य अध्यक्ष व सांसद रायपुर बृजमोहन अग्रवाल, राज्य मुख्य आयुक्त डा. सोमनाथ यादव के मार्गदर्शन में 7 जुलाई को छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिला मुख्यालयों एवं विकासखंडों में एक साथ पौधरोपण कार्यक्रम अभियान चलाया जाएगा। वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के लिए जिला स्तरीय कार्यकारिणी एवं परिषद की बैठक में पौधरोपण किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया है।

पौधरोपण की संक्षिप्त रूपरेखा तैयार करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जिलाध्यक्ष येतराम साहू, राज्य मुख्यालय आयुक्त राहुल चंद्राकर, जिला उपाध्यक्षगण जय पवार, आनंद साहू, सुधा साहू, पदेन जिला आयुक्त स्काउट विजय लहरे, जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा, मुख्यालय आयुक्त नंद किशोर सिन्हा, सहायक संचालक सतीश नायर, रामकुमार साहू, जिला सचिव प्रमोद कुमार कन्नौजे, जिला संगठन आयुक्त स्काउट अवधेश विश्वकर्मा, जिला संगठन आयुक्त गाइड लीनू चंद्राकर की उपस्थिति में चर्चा की गई। जिसके अनुसार 7 जुलाई को प्रातः 11 बजे जिला स्तरीय वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। साथ-साथ इसी दिन सभी विकासखंड मुख्यालयों में पौधरोपण कराने के लिए निर्देशित किया गया है। इस आयोजन में जिला के स्काउट गाइड के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम में कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत, पुलिस अधीक्षक, डीएफओ द्वारा भी पौधरोपण किया जाएगा। पौधों की व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक तैयारी, गड्ढे, खाद वन विभाग द्वारा किया जाएगा। नगर के सभी स्कूलों से स्काउट गाइड शामिल होंगें। ट्री गार्ड, फैंसिंग की व्यवस्था जनसहयोग से किया जाएगा। स्काउट गाइड के जिला मुख्य आयुक्त एवं बीज विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, जिला सलाहकार दाउलाल चंद्राकर, उपाध्यक्ष सौरिन चंद्रसेन, अशोक अग्रवाल, धर्मशीला दास ने इस महाअभियान में शामिल होकर अधिक से अधिक पौधरोपण करने का संकल्प दोहराने के लिए कहा है।

## मुख्यमंत्री ग्राम सड़क इकाई को सारंगढ़ स्थानांतरित करना जिले के साथ सौतेला व्यवहार : विनोद

### जिले के अनेक ग्रामीण सड़क बदहाल फिर इस इकाई के लिए काम नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने शासन द्वारा जिला मुख्यालय स्थित मुख्यमंत्री ग्राम सड़क इकाई के दफ्तर को सारंगढ़ जिला स्थानांतरित किए जाने की कार्रवाई को महासमुंद जिले के साथ शासन का उपेक्षा पूर्ण सौतेला



व्यवहार निरूपित किया है। चंद्राकर ने कहा कि एक तरफ जिलेभर के ग्रामीण सड़कों की स्थिति बदतर स्थिति में होने की खबरें आए दिन सामने आ रहे हैं। वहीं, जिले में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क इकाई के लिए काम नहीं होने की बात कहकर यहां से इस कार्यालय को सारंगढ़ भेजा जा रहा है। चंद्राकर ने कहा कि उनके कार्यकाल में जिले के ग्रामीण सड़कों के निर्माण, जीर्णोद्धार कार्यों को गति प्रदान करने यह दफ्तर खुलवाया गया था। लेकिन, भाजपा के जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा व शासन के सौतेला व्यवहार से इस महत्वपूर्ण दफ्तर को यहां से हटाया जा रहा है।

# अव्यवस्था फैलाने वाले अफसरों का युक्तियुक्तकरण की मांग को लेकर कल शिक्षक फेडरेशन करेगा पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

व्यवस्था के नाम पर अव्यवस्था फैलाने वाले अफसरों के युक्तियुक्तकरण की एक सूत्रीय मांग को लेकर छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक इकाई के पदाधिकारी और शिक्षक 5 जुलाई को स्थानीय लोहिया प्रांगण से मुख्यमंत्री निवास तक पदयात्रा करेंगे।

पदयात्रा की तैयारी को लेकर एक वर्चुअल बैठक हुई। बैठक में पदयात्रा की तैयारी को लेकर जिम्मेदारी प्रदान की गई। भोजन नाश्ता चाय प्रबंध प्रभारी आत्माराम साहू, राजेश चंद्राकर, अजय बंजारे को बनाया गया है। यात्रा प्रभारी दिगेश पुरेना, जितेंद्र साहू, संदीप साहू, महिला प्रकोष्ठ की जवाबदारी मुनिया निर्मलकर, नूतन दुबे, सीमा यादव को सौंपी गई है। बैनर पोस्टर वाहन व्यवस्था रात्रि विश्राम की जवाबदारी लव निर्मलकर, लोकेश ध्रुव, बलराम नेताम, राजेश चंद्राकर को सौंपी गई है। पदयात्रा प्रभारी बाबू लाल ध्रुव, सिराज बक्श, ईश्वर चंद्राकर, बीपी मेश्राम को बनाया गया है। बैठक को संबोधित करते हुए फेडरेशन के प्रदेश सचिव ईश्वर चंद्राकर ने कहा कि लगातार ज्ञापन देने के बाद भी शिक्षा विभाग के अफसरों ने हमारी मांगों पर कोई सुनवाई नहीं की। आंदोलन के अगले क्रम के तहत संगठन ने तय किया है कि सत्याग्रह के पथ पर चलते हुए पैदल मार्च करेंगे और राज्य के मुख्यमंत्री से निवेदन करेंगे कि शिक्षकों की तरह अब अफसरों का भी युक्तियुक्तकरण किया जाए। शिक्षा निखारने की जवाबदारी दी गई, आज वहीं अफसर शिक्षा की व्यवस्था को लचर कर रहे है। शासन के नियमों का खुला उल्लंघन कर रहे है। प्रामाणिक जानकारी देने के बाद भी इन अफसरों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती। आज महासमुंद का शिक्षक मजबूर होकर पदयात्रा कर राज्य के मुखिया के पास जाकर फरियाद करेगा। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष बाबू लाल ध्रुव ने कहा कि हम लोगों ने यह आंदोलन अवकाश के दौरान चुना है। आंदोलन से बच्चों की शिक्षा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। यह पदयात्रा वेतन की बढ़ोतरी की मांग की लेकर नहीं है, हमारा यह आंदोलन प्रदेश का ऐतिहासिक आंदोलन बनने जा रहा है। जब शिक्षक अपने ही विभाग के आला अधिकारी के खिलाफ मुखर होकर आवाज बुलंद कर रहा है। उन्होंने कहा कि बात बात पर शिक्षकों को नियम का हवाला देने वाले अफसर किस प्रकार शासन के नियमों की धज्जियां उड़ा रहे है, अगर इसे देखना है तो महासमुंद में देख सकते है। निलंबन अवधि में संविलियन, लंबी अनुपस्थिति, आर्थिक अनियमितता से निलंबित कर्मचारी का पूरा वेतन का एरियर के रूप में लाखों का भुगतान, बिना काउंसलिंग के पदस्थापना, एक संस्था में दो प्रधान पाठक को कार्य कराना, शासन के निर्णय के विपरीत व्यवस्था समाप्त करने के बाद मौखिक आदेश देकर व्यवस्था में रखना, बिना किसी मापदंड के सालों पुरानी ऐतिहासिक शालाओं को मर्ज करना, मर्जीकरण से पूर्व शाला प्रबंध समिति को किसी भी प्रकार की सूचना न देना, पांचवी ओर आठवीं की पूरक परीक्षा को लेकर अभी तक कोई टाइम टेबल जारी न करना है। इसके अलावा बहुत सी शिकायतें हैं, जिसको जिला कलेक्टर के समक्ष रखा गया। परंतु, कोई पहल अब तक नहीं हुई। मांगों पर विचार न होने पर आंदोलन के तीसरे चरण में पदयात्रा कर मुख्यमंत्री से गुहार लगाएंगे। बैठक में पदयात्रा की तैयारी को अंतिम रूप प्रदान कर पदयात्रा प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सिराज बक्श, ब्लॉक कार्यकारी अध्यक्ष राजेश चंद्राकर, आत्मा राम साहू, अजय कुमार बंजारे, फागू लाल पटेल, जितेंद्र कुमार साहू, मुकेश कुमार चंद्राकर, विनेश पांडे, लव निर्मलकर, दिगेश पुरेना, ललित कुमार साहू, राजेश भालेराव, शफीक अहमद खान, नूतन दुबे, सीमा यादव, सुनीता ध्रुव, मुनिया निर्मलकर, मंजू अंबिलकर, निहारिका चंद्राकर, रेखा कन्नौजे, नागेश्वरी साहू, पूर्णिमा साहू, देव कुमारी ध्रुव, प्रतिभा साहू, मुकेश कुमार सिंह देव सिंह, मुकेश बेस आदि उपस्थित रहे।



## संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर बूथ अध्यक्षों की हुई बैठक

**महासमुंद।** 3 जुलाई को जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा शहर मंडल के बूथ अध्यक्षों की बैठक जिलाध्यक्ष येतराम साहू की उपस्थिति में हुई। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि पार्टी के शीर्ष संगठन द्वारा आगामी समय के लिए बूथ स्तर पर जो कार्यक्रम दिए है उन्हें सभी अपने अपने बूथों में जिम्मेदारी से आवश्यक रूप से पूरी करें। बूथ भाजपा की सर्वाधिक महत्वपूर्ण इकाई है और बूथ समिति के लोगों का स्थानीय स्तर पर वहां के नागरिकों से जनसम्पर्क और संवाद होता है। येतराम साहू ने कहा कि भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी कार्यो और कार्यक्रमों को लेकर हम सभी को बूथ स्तर पर सतत नागरिकों के सम्पर्क में रहना है। बताया गया कि 6 जुलाई को जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती बूथों में मनाई जाएगी। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम प्रत्येक बूथों में लगाया जाएगा। बैठक का संचालन महामंत्री अग्रज शर्मा एवं आभार हनीश बग्गा ने किया। बैठक में नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, गोपाल वर्मा, मुन्ना साहू, ऋषभ बाफना, नईम खान, हिमांशु चंद्राकर, भगवती करकसे, पांडुरंग मदनकार, सोनाधर सोनवानी, भुनेश्वर साहू, निशा नायक, सुरेंद्र दास, विनोद गुप्ता, महेश चौहान, खुसाल ठाकुर, महेंद्र सिक्का, जतिन रुपरेला आदि उपस्थित रहे।



## कोमाखान में मनाया गया माता पहुंचनी का पर्व

**पटपरपाली (कोमाखान)।** ग्राम कोमाचान के मां शीतला मंदिर में 3 जुलाई गुरुवार को माता पहुंचनी का पर्व श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया गया। मंदिर सुबह से देर शाम तक माता की विशेष पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं को रोठ, नारियल व ठंडाई प्रसादी का वितरण किया गया। मंदिर समिति के सदस्य केआर सोनी ने बताया कि यह मंदिर 65 वर्ष पूर्व ग्राम के प्रतिष्ठित सराफा व्यसायी एवं नागरिक स्व. छेदीलाल सोनी द्वारा ग्रामवासियों की मांग पर स्थापित करवाया गया था। पश्चात जन सहयोग से भवन में माताजी स्थापित है। माताजी के सम्मुख शिवजी का मंदिर एवं बगल में दक्षिण मुखी हनुमान विराजे हैं। माताजी के मंदिर के दाएं एवं बाएं विशाल पीपल व वटवृक्ष इस स्थान की महत्ता को स्वयं ही प्रकट कर रहे हैं। वर्तमान में बैगा डमरू ठाकुर व पुरोहित बरुण उपाध्याय अपनी सेवाएं दे रहें हैं।

## जिले का दौड़ पंडरीपानी वनग्राम बनेगा राजस्व गांव

- सर्वे पूरा, राजस्व अभिलेख तैयार, प्रारंभिक प्रकाशन भी हुआ

**धमतरी।** धमतरी जिले का गांव दौड़ पंडरीपानी वनग्राम को राजस्व गांव का दर्जा देने की प्रक्रिया लगभग पूर्णता पर है। जिले की नगरी तहसील के ग्राम दौड़ पंडरीपानी को राजस्व ग्राम का दर्जा देने सर्वे का काम पूरा हो गया है। इसके साथ ही इस गांव के राजस्व अभिलेख, नक्शा, खसरा आदि भी तैयार कर लिया गया है। इस गांव के तैयार राजस्व अभिलेखों का प्रारंभिक प्रकाशन कलेक्टर कार्यालय द्वारा किया जा चुका है। सभी अभिलेख संबंधित ग्राम पंचायत में आमजनों-ग्रामवासियों के अवलोकन के लिए कार्यालयीन दिवसों में उपलब्ध है। कलेक्टर कार्यालय द्वारा इन अभिलेखों से संबंधित आमजनों से दावा आपत्तियां आमंत्रित की जा रही है। हल्का पटवारी द्वारा तैयार किये गये नक्शा शीटों एवं खसरों पर जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर लिखित-मौखिक आवेदन कार्यालयीन समय में स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति संबंधित ग्राम पंचायत भवन में प्रस्तुत कर सकते है।

### स्वच्छता रथ को दिखाई हरी झंडी

**कुरुद।** नपं कुरूद द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान 2025 की शुरुआत की गई। सफाई कार्यक्रम 1 से 31 जुलाई तक होगा। हाथ धुलाई, स्वच्छता शपथ, सार्वजनिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं के परिसर में सफ़ाई, स्वच्छता रथ को हरी झण्डी दिखाकर नपं अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर ने शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि हमारा कुरूद नगर शासन की हर योजनाओं में मॉडल स्वरूप बनेगा। सफ़ाई अभियान हमारा मुख्य एजेंडा है, इसमें निरंतर कार्य करते रहेंगे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, वरिष्ठ पार्षद मनीष साहू, सभापति महेन्द्र गायकवाड़, सितेश सिन्हा, राजकुमारी ध्रुव, रवि मानिकपुरी, इंजीनियर श्री सिन्हा एवं कर्मचारीगण, आत्मानंद स्कूल के अध्यापक एवं बच्चे शामिल हुए।

# करगा स्कूल में प्रवेश उत्सव मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

सरस्वती शिशु मंदिर करगा में आयोजित प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में नवप्रवेशित बच्चों को मिठाई खिलाकर और पुस्तक कापी भेंटकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर विद्यालय के संयोजक रूपचन्द साहू, समिति के सदस्य भूपेन्द्र साहू, हेमन्त साहू, छबि साहू, सरपंच श्रीमती सावित्री साहू, उपसरपंच चुनेश्वर साहू, हथबंद की पूर्व सरपंच श्रीमती हुलसी साहू, उपसरपंच रवि साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### बिजली दर में वृद्धि व कटौती के खिलाफ आप ने सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी ने अंधाधुंध बिजली बिल और अघोषित बिजली कटौती का विरोध किया है। प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों में अधीक्षण यंत्री, कलेक्टर एवं तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर बिजली दर वृद्धि वापस करने और अघोषित बिजली कटौती बंद करने की मांग की है। जिला मुख्यालय में आप के प्रदेश सचिव संजय यादव एवं कार्यकर्ताओं का प्रतिनिधित्व ने कहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य में जुलाई महीने से बिजली की दरों में प्रति यूनिट लगभग 20 पैसे की वृद्धि जुलाई, 2025 से छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित है। उक्त बढ़ी हुई दरों से प्रदेश के गरीब तबके और आम जनता को स्वभावतः परेशानी निश्चित है।

### छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ की बैठक कल

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ की जिला स्तरीय बैठक 5 जुलाई शनिवार को दोपहर 1 बजे मरार (पटेल) समाज के सामाजिक भवन छत्तीसगढ़ स्कूल के सामने बागबाहरा रोड़ पर रखीं गई है। जिसमें प्रमुख रूप से जिला कार्यकारिणी की कार्यकाल पूर्ण होने के कारण निर्वाचन संबंधित चर्चा एवं निर्णय। देश के कुछ राज्यों में पिछड़ा वर्ग के कथाकारों के साथ हो रही जातिगत भेद-भाव पर समाज प्रमुखों से चर्चा एवं शासन द्वारा शिक्षा विभाग में स्कुलो के युक्तियुक्तकरण के कारण समाज पर होने वाली प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। जिलाध्यक्ष बसंत सिन्हा व कार्यकारी जिलाध्यक्ष पवन पटेल व महामंत्री रेखराज बघेल ने बैठक में संरक्षकों व पदाधिकारियों के साथ ही एससी, एसटी व ओबीसी वर्ग के समाज प्रमुखों, जिलाध्यक्षों एवं बुद्धिजीवी लोगों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### तेज रफ्तार कार चालक ने 2 बाइक को ले लिया चपेट में, 2 गंभीर

**जगदलपुर।** परपा थाना क्षेत्र के जीएडी कॉलोनी मार्ग में गुरुवार को तेज रफ्तार कार ने दो बाईक को चपेट में ले लिया। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल है जिन्हें उपचार के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। वहीं परपा पुलिस चालक को हिरासत में लेकर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाहीपूर्वक कार चलाते हुए दो बाइक सवारों को टक्कर मार दी। मामला परपा थाना क्षेत्र के जीएडी कॉलोनी मार्ग पर गुरुवार दोपहर की है जब कार ने दो बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे उस समय हुआ जब गीदम रोड बीआर कोल्ड स्टोरेज के करीब रहने वाला आदित्य नाग अपनी बाइक से अपने पहचान की प्रियंका को लेकर पंडरीपानी से जगदलपुर की ओर जा रहा था। तभी पंडरीपानी की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में प्रियंका व आदित्य को गंभीर चोट आई है।

---

आयोजन : वूमैन लीडरशिप डेवलपमेंट सेमिनार का हुआ आयोजन

# महिलाएं नेतृत्व करें तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन निशिचत : सरला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह गवर्नमेंट कॉलेज में वूमैन लीडरशिप डेवलपमेंट सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसका विषय था नेतृत्व की शक्ति, नारी के साथ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सदस्य महिला आयोग छत्तीसगढ़ सरला कोशरिया उपस्थित रहीं। विशिष्ठ अतिथि के रूप में विपिन उपवेजा, स्वर्ण सिंह सलूजा रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरला कोसरिया, प्राचार्य डॉ संध्या भोई वह अन्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। प्राचार्य डॉ भोई ने कहा कि यह संगोष्ठी महिलाओं को नेतृत्व के लिए तैयार करने और उन्हें सामाजिक सरोकारों से जोड़ने का प्रयास है। श्रीमती कोसरिया ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि यदि महिलाएं नेतृत्व करें, तो समाज में सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन निश्चित है।

नारी केवल एक परिवार की धुरी नहीं, बल्कि समाज, राष्ट्र और विश्व के निर्माण में सक्रिय भागीदार है। आज के बदलते परिवेश में नारी का व्यक्तित्व विकास न केवल उसकी आत्मनिर्भरता बल्कि सामाजिक समानता की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने महिलाओं को नेतृत्व के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों



द्वारा परिचर्चा की गई – जैसे कि महिला नेतृत्व की चुनौतियां, अध्यात्म, संस्कार, नैतिकता, अवसर, आत्मनिर्भरता और समाज में महिलाओं की भूमिका। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि द्रौपदी मुर्मू भारत की 15वीं राष्ट्रपति और देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति हैं। वह साधारण पृष्ठभूमि से निकलकर सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंची हैं। यह उनके साहस, संघर्ष, और समर्पण का प्रतीक है। द्रौपदी मुर्मू का जीवन अत्यंत सादगीपूर्ण रहा है।

उन्होंने हमेशा सादा जीवन और उच्च विचारों को अपनाया। भव्यता की बजाय वह जनता से सीधे जुड़ने में विश्वास रखती हैं। अंत में उन्होंने कहा कि नारी सशक्तिकरण केवल एक सामाजिक सुधार नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नींव है। उसके बाद महाविद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण का कार्य किया गया।

यह आयोजन ईको क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम में संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों और अतिथियो की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम में इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विभाग पीतांबर बाघ द्वारा व आभार प्रदर्शन वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्राची गुप्ता द्वारा किया गया।

---

आंदोलन : सोसाइटी के सामने कांग्रेसियों ने किया जोरदार विरोध प्रदर्शन

# बड़ईपाली में खाद-बीज की किल्लत पर उबाल, घेराव कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- भाजपा सरकार के लिए किसान केवल वोट बैंक : द्वारिकाधीश

प्रदेश में खरीफ सीजन के बीच किसानों को खाद और बीज की भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर संकट को लेकर गुरुवार को बड़ईपाली सहकारी सेवा समिति का घेराव किया गया। आंदोलन का नेतृत्व खल्लारी विधायक व पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव ने किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया। किसानों ने बढ़ईपाली सोसायटी के समक्ष राज्य सरकार के नाम जमकर नारेबाजी की साथ ही साथ डीएपी, यूरिया सुपर फॉस्फेट जैसे खादों की अविलंब आपूर्ति की मांग की। साथ ही गुणवत्ता वाले प्रमाणित बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु ज्ञापन भी सौंपा ।

सभा को संबोधित करते हुए विधायक यादव ने राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। किसानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार डबल इंजन और ट्रिपल इंजन की बात कर किसानों को भरमाने का काम कर रही है। इनका असली इंजन तो उद्योगपतियों की ओर चलता है, किसान तो बस इनके लिए वोट बैंक है। उन्होंने कहा कि खाद और बीज जैसी कृषि की बुनियादी जरूरतों की जबरदस्त किल्लत है, लेकिन सरकार आंखें मूंद कर बैठी है। यादव ने कहा कि यह सरकार यही नहीं रबी फसल के दौरान भी किसानों को परेशान करने का कोई मौका नहीं छोड़ी है। पहले बिजली की कटौती करके किसानों के उत्पादन को प्रभावित किया। और फिर जब ले देकर किसानों की मेहनत की कमाई धान बाजार में बिकने के लिए आई तो इस दौरान भाजपा सरकार ने अपने समर्थन मूल्य में खरीदे हुए धान की नीलामी कर दी।



### खाद संकट को लेकर कांग्रेस का बड़ा घेराव प्रदर्शन आज

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में किसानों को इस समय खाद संकट का गंभीर सामना करना पड़ रहा है। शासकीय सोसायटियों में खाद की भारी कमी है, साथ ही किसानों को घटिया और नकली खाद खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। इसी मुद्दे को लेकर कांग्रेस पार्टी 4 जुलाई शुक्रवार को दोपहर 11 बजे धान खरीदी केंद्र सिर्री पठारीमुड़ा मंडी परिसर बागबाहरा के में धरना प्रदर्शन और घेराव आयोजित किया जा रहा है। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव करेंगे। उनके साथ कार्यक्रम प्रभारी अधिवक्ता भरत सिंह ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर बागबाहरा के तत्वावधान से किया जा रहा है, जिसका संयोजन शहर अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा किया जाएगा।

### भूपेश सरकार के राज्य में किसान थे सुखी

विधायक यादव ने कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी की सरकार के शासनकाल के दौरान जो किसान समृद्धि और कर्जमुक्त हुआ था उसे फिर कर्ज के बोझ में दबाकर इस ट्रिपल इंजन वाली सरकार का योजनाबद्ध तरीके से किसान को तोड़ने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को मैं आगामी विधानसभा सत्र में पूरी ताकत से उठाऊँगा। सरकार को जवाब देना होगा कि आखिर क्यों छत्तीसगढ़ के किसान खाद के लिए भटकने को मजबूर हैं।

### खाद बीज की कमी को लेकर किसानों का फूटा गुस्सा

प्रदर्शन में शामिल किसानों ने कहा कि यह पहली बार नहीं है, जब खाद के लिए परेशान होना पड़ा हो। हर साल सरकार वादे करती है, लेकिन समय पर खाद नहीं मिलता और फिर खेत में पैदावार घट जाती है। किसानों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि तीन दिनों के भीतर खाद की आपूर्ति नहीं होती, तो आंदोलन को ब्लॉक स्तर से जिला स्तर तक ले जाया जाएगा।

### आंदोलन में इनकी रही सहभागिता

इस अवसर पर प्रमुख रूप से द्रोण चंद्राकर, ओमप्रकाश चक्रधारी, सुदर्शन मुन्ना, पूनम दास मानिकपुरी, बुद्धेश्वर डडसेना, घनश्याम धांधी, केशव साहू, दुर्गा सागर, भूमिका ध्रुव, हेमलता साहू, दिनेश्वरी ठाकुर, प्रेमचंद साहू, रामदास मानिकपुरी, मदन सिंह ध्रुव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के कृषक जनतथा कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन पिथौरा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करण सिंह दीवान ने किया।

---

# जिले के सहकारी समिति झालखम्हरिया में खाद की पर्याप्त उपलब्धता



## किसानों को मिल रही जरूरत के अनुसार खाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कृषि कार्यों के लिए आवश्यक खाद-बीज की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए महासमुंद जिले की सहकारी समिति झालखम्हरिया में खाद का पर्याप्त भंडारण किया गया है। जिले में कृषकों की मांग को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार की खाद उपलब्ध कराई गई है, जिससे किसानों को सहज रूप से खाद प्राप्त हो रही है। सोसायटी प्रबंधक भोजराम साहू ने बताया कि उपलब्ध खाद में यूरिया 222.57 टन, सुपर फॉस्फेट 30 टन, पोटाश 31.95 टन, डीएपी 161.60 टन, एनपीके 12.50 टन शामिल है। वर्तमान में 64.10 टन खाद विक्रय हेतु शेष है। किसानों की मांग के अनुरूप खाद का सतत वितरण जारी है। इस सोसायटी में खाद लेने आए लघु कृषक संदीप विश्वकर्मा ने बताया कि शासन द्वारा खाद की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे उन्हें तत्काल खाद प्राप्त हो सका। उन्होंने आज 6 बोरी डीएपी, 10 बोरी नीम लेपित यूरिया, और 2 बोरी पोटाश प्राप्त किया। संदीप विश्वकर्मा ने कहा कि खाद वितरण की इस सरल और पारदर्शी व्यवस्था से किसानों को काफी राहत मिली है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार किसानों को खाद-बीज समय पर और आसानी से उपलब्ध कराने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है।

---

# रूरल मेडिकल असिस्टेंस संघ ने की नवपदस्थ सीएमएचओ से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

बुधवार को नवपदस्थ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नागेश्वर राव से रूरल मेडिकल असिस्टेंस (आरएमए) संघ ने सौजन्य मुलाकात कर पुष्प भेंट की। इस अवसर पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में आरएमए संघ की प्रांतीय टीम के संभाग अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मेंद्र सिन्हा, जिला अध्यक्ष तोरण चंद्राकर, शोभा शर्मा, मनीराम साहू, खेमू सोनकर, प्रवीण साहू, सुभाष पटेल, द्वारिका पटेल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। साथ ही ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) तुमगांव, डॉ. विकास चंद्राकर भी इस आयोजन में शामिल हुए।



संघ के सदस्यों ने डॉ. नागेश्वर राव को उनके नए दायित्व के लिए हर्ष जताते हुए उनके नेतृत्व में जिले के स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने की उम्मीद जताई। इस अवसर पर डॉ. राव ने आरएमए संघ के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और जनसामान्य तक बेहतर चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने के लिए सहयोग का आश्वासन दिया।

### एनर्जी पार्क, साइंस सेंटर और पुरखौती मुक्तांगन का शैक्षणिक भ्रमण

**महासमुंद।** पीएमश्री सेजेस तुमगांव के छात्रों ने रायपुर में एनर्जी पार्क, छत्तीसगढ़ साइंस सेंटर और पुरखौती मुक्तांगन का शैक्षिक भ्रमण किया। यह भ्रमण छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक रहा, जिसमें उन्होंने विज्ञान, ऊर्जा और छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को जाना। शिक्षकों ने पूर्ण सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान किया। प्राचार्य एल कुरील ने सुरक्षा सावधानियों पर जोर दिया। एनर्जी पार्क में छात्रों ने ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण की रक्षा के बारे में जाना। वैज्ञानिक मॉडल और गतिविधियों ने विज्ञान को रोचक बनाया। छत्तीसगढ़ साइंस सेंटर यह विज्ञान संग्रहालय इंटरेक्टिव प्रदर्शनियों के माध्यम से विज्ञान को समझाता है। छात्रों ने भौतिकी, रसायन और जीव विज्ञान की मूल अवधारणाएं सीखीं, जिससे उनकी वैज्ञानिक जिज्ञासा बढ़ी। पुरखौती मुक्तांगन यह खुला संग्रहालय छत्तीसगढ़ की जनजातीय संस्कृति और कला को दर्शाता है। छात्रों ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत, हस्तशिल्प और जीवन शैली को समझा, जिसने सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ाया। शैक्षिक भ्रमण के लिए धीवर, पवन कुमार डड़सेना, कामता साहू, ज्योति सिंह, सविता ध्रुव, सिद्धांत गायगौरे, सुरेश यादव, सत्यम पांडे, नवीन कुमार दास, सागर झा, तरुण सिन्हा, लक्ष्मी नारायण साहू, सजल चंद्राकर, डोलेश होता, लोकेश साहू, बरखा शर्मा, रेणुका साहू, प्रगति साहू और नलिनी ध्रुव ने छात्रों का मार्गदर्शन किया।

### चक्रवात के असर से हुई क्षेत्र में बारिश



**नर्रा।** द्रोणिका और चक्रवात के असर से मौसम में बदलाव के कारण बुधवार रात से शुरू हुई हल्की बारिश सुबह तक होती रही। अभी भी क्षेत्र के किसानों को अच्छी बारिश का इंतजार है। तभी किसानी कार्य में तेजी आएगी। आषाढ़ माह कुछ दिनों शेष है। अभी भी बोनी कार्य अंतिम चरण पर चल रही है। वही ट्यूबवेल साधन वाले किसानों का रोपाई कार्य जोर शोर से जारी है।

---



## मच्छरों को नियंत्रित करने नालियों में चलाई जा रही फॉगिंग मशीन

**महासमुंद।** बरसात के मौसम में मच्छरों के प्रजनन रोकने नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के निर्देश पर शहर के नालियों में फॉगिंग मशीन से मच्छर रोधी धुएं डाले जा रहे हैं। शहर में मच्छरों के आतंक रोकने नपाध्यक्ष साहू ने संबंधित अधिकारी को नालियों में फॉगिंग मशीन चलाने के लिए निर्देशित किए थे। जिसके परिपालन में नालियों में फॉगिंग मशीन चलाई जा रही है। साहू ने कहा कि नगर में मच्छरों की बढ़ती संख्या को फॉगिंग मशीन से कुछ हद तक रोका जा सकता है। फॉगिंग मशीन मच्छरों को नियंत्रित करने और बीमारियों को फैलने से रोकने का एक तरीका है। फॉगिंग मशीन, कीटनाशक को धुएं या कोहरे के रूप में छोड़ती है, जिससे मच्छर और अन्य कीड़े मर जाते हैं। नालियों में फॉगिंग करने से, मच्छरों के प्रजनन स्थलों को लक्षित किया जा रहा है। जिससे उनकी आबादी को कम करने में मदद मिलेगी।

---

युक्तियुक्तकरण से हुई शिक्षकों की पदस्थापना

# मुडियाडीह एवं नांदबारू में शिक्षा की नई रोशनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

1994-95 से एकल शिक्षकीय के रुप में संचालित हो रहे महासमुंद विकासखंड के प्राथमिक शाला मुडियाडीह (पासिद) और प्राथमिक शाला नांदबारू में अब शिक्षक और संसाधन की कमी नही होगी। शासन द्वारा लागू युक्तियुक्तकरण नीति के चलते इन शालाओं में नए सेटअप का लाभ यहां के छात्रों को मिलेगा।

तीन दशकों से इन विद्यालयों में एकमात्र शिक्षक के भरोसे शिक्षा व्यवस्था चल रही थी। सीमित संसाधनों और भारी जिम्मेदारियों के बावजूद शिक्षकगण पूरी निष्ठा से कार्य करते रहे, लेकिन कई शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावी ढंग से




संचालित नहीं हो पा रही थीं। सत्र 2024-25 में छत्तीसगढ़ शासन की युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत इन विद्यालयों को द्वि-शिक्षकीय स्वरूप मिला। पहली बार यहां दूसरे शिक्षक की पदस्थापना की गई। यह केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं था, बल्कि इन विद्यालयों के लिए शैक्षणिक परिवर्तन का सकारात्मक पल था। दूसरे शिक्षक के आने से बच्चों के चेहरे पर नई ऊर्जा और उत्साह देखा गया। पढ़ाई अब और व्यवस्थित हुई, समूह कार्य, खेल, गतिविधि आधारित शिक्षण और व्यक्तिगत ध्यान संभव हो सका। गांववासियों ने भी इस बदलाव का दिल से स्वागत किया। पंचायत प्रतिनिधियों से लेकर पालकगण तक, सभी ने शासन के इस निर्णय के प्रति आभार व्यक्त किया और इसे सच्चे मायनों में शिक्षा का सशक्तिकरण बताया। प्राथमिक शाला मुडियाडीह (पासिद) और नांदबारू आज उन विद्यालयों की श्रेणी में आ चुके हैं, जहां गुणवत्ता आधारित शिक्षण की बुनियाद और मजबूत हो रही है। इस बदलाव को एक सफलता के रूप में महसूस किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की नीति और इच्छाशक्ति से शिक्षा के क्षेत्र में एक नया प्रतिमान गढ़ा जा सकता है।


